शिक्षा निदेशालय में 5 वर्ष से ज्यादा समय से जमे कार्मिकों को बदलेंगे : दिलावर

- शिक्षा मंत्री ने एक डीईओ को सस्पेंड तो दूसरे का डेपुटेशन निरस्त करने के निर्देश दिए
- दिलावर ने कहा कि शिक्षा निदेशालय में कोई भी फाइल 15 दिन से अधिक नहीं रूकनी चाहिए

बीकानेर में माध्यमिक शिक्षा निदेशालय में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने अधिकारियों की समीक्षा बैठक को संबोधित किया।

बीकानेर,(कासं)। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि प्रारंभिक और माध्यमिक शिक्षा निदेशालय में किसी भी स्तर का कार्मिक कुल पांच साल से ज्यादा यहां नहीं रूकना चाहिए। दिलावर ने कुल पांच वर्षों से ज्यादा समय से यहां लगे हुए सभी कार्मिकों को हटाने के निर्देश दिए।

दिलावर गुरूवार को माध्यमिक शिक्षा निदेशालय के कांफ्रेंस हॉल में प्रारंभिक और माध्यमिक शिक्षा निदेशालय के अधिकारियों की संयुक्त बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। दिलावर ने कहा कि शिक्षा निदेशालय में कोई भी फाइल या कागज कोई रोक कर बैठ गया तो संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि निदेशालय में कोई भी फाइल 15 दिन से ज्यादा रूकनी नहीं चाहिए।

उन्होंने अब तक की सभी पेंडिंग फाइल का निस्तारण आगामी 45 दिन में करने के निर्देश दिए। साथ ही पेंडिंग फाइल्स की सूची भी आगामी तीन दिन में जयपुर भेजने के निर्देश दिए। शिक्षा मंत्री ने कहा कि सभी डीपीसी समय पर हो और कोई भी डीपीसी पेंडिंग ना रहे।

बैठक में ही शिक्षा मंत्री ने आदेशों की पालना में लापरवाही बरतने पर डीईओ (डीपीसी) राकेश कुमार ढल्ला को सस्पेंड करने के निर्देश दिए। साथ ही डीईओ (भर्ती) किशनदान चारण का डेपुटेशन खत्म कर मूल स्थान पर भेजने के निर्देश दिए। शिक्षा मंत्री दिलावर ने कहा कि मानसून के दौरान महीने भर पौधारोपण अभियान चलाकर कुल 25 करोड़ पौधे लगायेंगे। प्रत्येक विद्यार्थी प्रतिदिन 10 और स्कूल का प्रत्येक कार्मिक प्रतिदिन 15 पौधे लगायेगा। यानी महीने भर में प्रत्येक विद्यार्थी 300 और और प्रत्येक कार्मिक द्वारा कुल 450 पौधे लगाए जायेंगे। पौधे लगाने के लिए पंचायती राज की चारागाह भूमि की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए किसी भी देश में 422 पेड़ प्रति व्यक्ति होने चाहिए। लेकिन भारत में यह संख्या 28 पेड़ प्रति व्यक्ति और राजस्थान में यह 25 पेड़ प्रति व्यक्ति है। स्वस्थ रहने के लिए इसे बढ़ाना अत्यंत आवश्यक है। जबकि कनाडा में यह संख्या 10 हजार 163 पेड़ प्रति व्यक्ति और ऑस्ट्रेलिया में 3000 पेड़ प्रति व्यक्ति है।

बैठक में शिक्षा मंत्री ने कहा कि डीईओ की डायरेक्ट भर्ती की कवायद शुरू की जाए। जब एक कम उम्र का व्यक्ति आईएएस बन सकता है तो डीईओ क्यों नहीं। अभी ज्यादातर डीईओ रिटायरमेंट के पास होने के कारण बड़ा निर्णय लेने से बचते हैं। लिहाजा यंग डीईओ की भर्ती कवायद विभाग स्तर पर शुरू हो। दिलावर ने कहा कि भ्रष्टाचार में लिप्त या स्कूल में अश्लील हरकत करने वाले शिक्षकों के नाम स्कूल बोर्ड पर चस्पा करें। साथ ही कहा कि शिक्षक मोबाइल लेकर स्कूल आ सकते है लेकिन कक्षा कक्ष में कोई भी शिक्षक मोबाइल लेकर नहीं जायेगा। प्रिंसिपल रूम में मोबाइल रखकर ही कक्षा कक्ष में जाएं। शिक्षा मंत्री ने कहा कि घुमंतू बच्चों का स्कूल में एडमिशन कागज के अभाव में ना रोकें। एडमिशन लेकर उसके कागज बनवाएं। साथ ही कहा कि घुमंतू बच्चों को लेकर घुमंतू वाहन बी चलाया जायेगा। जिस पर घुमंतु जाति के ही शिक्षक को लगाने के प्रयास रहेंगे।

बैठक में दिलावर ने संभाग स्तर पर खोले गए सैनिक स्कूल इसी सत्र से शुरू करने, स्कूलों में सूर्य नमस्कार नियमित होने को लेकर मॉनिटरिंग करने, हिन्दुस्तान स्काउट गाइड को प्रमोट करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि अब प्रारंभिक स्कूल में 60 लाख और माध्यमिक स्कूल में 2 करोड़ का दान देने वाले दानदाता के नाम स्कूल का किया जा सकेगा।

बैठक में प्रारंभिक शिक्षा निदेशक सीताराम जाट, अतिरिक्त निदेशक गोपाल राम बिरदा, संयुक्त निदेशक रमेश हर्ष, जगवीर सिंह यादव, उपनिदेशक सुनीता चावला, उपनिदेशक (खेल) अरविंद व्यास, श्रवण कुमार छिंपा, नीरज बुडानिया समेत शिक्षा निदेशालय के सभी अधिकारीगण उपस्थित रहे।

राजस्थान एज्यूकेशन एम्पलाइज वेलफेयर एसोसिएशन रीवा द्वारा शिक्षा मंत्री मदन दिलावर का बीकानेर आगमन पर स्वागत किया गया। रीवा के प्रतिनिधियों ने विभिन्न संवर्गों की डीपीसी करने एवं सहायक कर्मचारी की भर्ती निकालने की मांगा की।

पहलगाम आतंकवादी हमले की निंदा

बीकानेर, (कासं)। जमीअत उलमा-ए-हिन्द, शाखा बीकानेर ने पहलगाम (जम्मू-कश्मीर) में हुई आतंकवादी घटना की कठोरतम शब्दों में निंदा की। यह एक कायराना और अमानवीय कृत्य है, जो न केवल देश की सुरक्षा पर हमला है बल्कि इंसानियत, अमन और शांति के मूल्यों पर भी गहरी चोट है। जमीअत उलमा-ए-हिन्द शाखा बीकानेर के महासिचव मौलाना मोहम्मद इरशाद कासमी ने प्रेस नोट रिलीज करते हुए बताया कि हम यह स्पष्ट करना चाहते हैं कि धर्म की आड़ लेकर हिंसा को अंजाम देना न सिर्फ निंदनीय है, बल्कि यह मजहब की मूल शिक्षाओं के भी विरूद्ध है।

इस्लाम सहित कोई भी धर्म निर्दोष लोगों की हत्या या भय फैलाने की अनुमति नहीं देता। आतंक का कोई धर्म नहीं होता और ऐसे कृत्य समाज में नफरत फैलाने की कोशिश हैं, जिन्हें किसी भी रूप में स्वीकार नहीं किया जा सकता। इस दर्दनाक घटना के बीच जो सबसे उल्लेखनीय बात उभरकर आई वह है आम कश्मीरियों की मानवीयता और सहानुभूति।

हम विशेष रूप से उन स्थानीय निवासियों की सराहना करते हैं जिन्होंने पीड़ितों की सहायता के लिए आगे बढ़कर इंसानियत का फर्ज़ निभाया। घायलों को अस्पताल पहुंचाना हो या ज़रूरी सहायता देना, उनकी मदद ने यह साबित कर दिया कि कश्मीर की मिट्टी सिर्फ खूबसूरती की नहीं बल्कि मोहब्बत और भाईचारे की भी प्रतीक है।

ऐसी घटनाएं जहां एक ओर हमें दुख देती हैं। वहीं दूसरी ओर यह भी दिखाती हैं कि नफरत का जवाब मोहब्बत से दिया जा सकता है।

सार-समाचार

शिक्षा मंत्री ने स्कूलों का निरीक्षण किया

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने हल्दीराम राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय सूरसागर का निरीक्षण किया।

बीकानेर, (कासं)। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने गुरूवार को जिला मुख्यालय की विभिन्न स्कूलों का निरीक्षण किया। शिक्षा मंत्री सबसे पहले हल्दीराम राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय सूरसागर पहुंचे। उन्होंने यहां पौधारोपण किया तथा विभिन्न कक्षा कक्षों का अवलोकन किया। उन्होंने महारानी राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में बने हल्दीराम बॉस्केटबॉल सिंथेटिक कोर्ट देखा। बॉस्केटबॉल की बालिकाओं की टीम से मुलाकात करते हुए बेटियों की हौसला अफजाई की। उन्होंने कहा कि बेटियां पूरे मनोयोग से प्रेक्टिस करें और राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का नाम रोशन करें। राज्य सरकार की ओर से खेल संसाधनों की कोई कमी नहीं आने दी जायेगी। उन्होंने यहां वर्चुअल रियलिटी लैबोरेट्री का अवलोकन भी किया तथा इसकी कार्यप्रणाली के बारे में जाना। उन्होंने हल्दीराम एजुकेशनल ट्रस्ट द्वारा शहरी क्षेत्र की स्कूलों में करवाये गए कार्यों की सराहना की तथा ट्रस्ट प्रतिनिधि रमेश अग्रवाल को शुभकामनाएं दी। शिक्षा मंत्री ने राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय गुरूद्वारा रानी बाजार का निरीक्षण भी किया। उन्होंने सभी स्कूलों में व्यवस्थाओं की समीक्षा की तथा राज्य सरकार के निर्देशानुसार सभी व्यवस्थाएं चाक-चौबंद बनाए रखने के निर्देश दिए। सभी स्कूलों में शिक्षा मंत्री का अभिनंदन किया गया। इस दौरान शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि साथ थे।

11 जगह कार्रवाई, 20 सिलेंडर जब्त

रसद विभाग की टीम में प्रवर्तन निरीक्षक जयसिंह और प्रखर भार्गव ने कार्रवाई कर 20 सिलेंडर जब्त किए।

बीकानेर, (कासं)। घरेलू गैस सिलेंडरों के दुरूपयोग करने के कारण आए दिन हो रही दुर्घटनाओं के मद्देनजर रोकथाम हेतु जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि के निर्देशानुसार जिला रसद कार्यालय द्वारा जिले में नियमित रूप से ठोस एवं प्रभावी कार्रवाई के क्रम में जिला रसद अधिकारी वीरेन्द्र सिंह चौधरी के नेतृत्व में प्रवर्तन निरीक्षकों जयसिंह और प्रखर भार्गव ने ग्यारह स्थानों पर कार्रवाई की। श्रीगंगानगर रोड पर रोडवेज बस स्टैंड के सामने से लेकर खारा ग्राम तक कुल 11 व्यवसायिक प्रतिष्ठानों - सियाग दूध भंडार, गणपति स्वीट्स कॉर्नर, करणी ढाबा एंड होटल, श्रीसती शुद्ध भोजनालय, पंडित जी ढाबा, अमृत होटल, गुरूकृपा ढाबा, ब्राह्मण भोजनालय, श्रीविष्णु होटल, प्रेम फूड्स तथा श्याम नमकीन पर घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक कार्य में दुरूपयोग करते पाए जाने पर कार्रवाई की गई और कुल 20 सिलेंडर जब्त किए गए। घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यवसायिक कार्यों में दुरूपयोग न केवल घरेलू गैस सिलेंडरों का दुरूपयोग एलपीजी (आपूर्ति एवं वितरण का विनियमन) अधिनियम, 2000 की धारा 3,4,5 एवं 7 का स्पष्ट उल्लंघन है बल्कि वास्तविक हकदारों के हक पर हमला है। इसलिए इन प्रकरणों में सक्षम न्यायालय में मुकदमा दर्ज करवाया जाकर विधिक कार्यवाही की जायेगी। जिला रसद अधिकारी ने बताया कि घरेलू गैस सिलेंडरों के दुरूपयोग के विरूद्ध इस प्रकार की कार्यवाही भविष्य में भी लगातार जारी रहेंगी।

अजीत दफ्तरी का किया सम्मान

बीकानेर, (कासं)। जैन महासभा बीकानेर द्वारा संघ लोक सेवा आयोग परीक्षा में शानदार सफलता प्राप्त करने पर आज डॉ. अजीत दफ्तरी का सम्मान किया। जैन महासभा विनोद बाफना के नेतृत्व में महासभा के सदस्यों द्वारा गंगाशहर स्थित आवास पर जाकर बधाई दी एवं सम्मान किया। इस अवसर पर अध्यक्ष विनोद बाफना ने बताया कि अजीत दफ्तरी के चयन से न केवल जैन महासभा अपितु बीकानेर के युवाओं में खुशी का माहौल है। उनके परिवार के संस्कारों एवं गुरू भक्ति के समर्पण व अजीत की मेहनत के परिणाम स्वरूप यह गौरव का क्षण देखने को मिला है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेन्द्र बदानी जैन ने कहा कि डॉ. दफ्तरी से समाज के युवाओं से प्रेरणा लेनी चाहिए। भाजपा नेता व समाज सेवी मोहन सुराणा ने डॉ. दफ्तरी के दादा पदम दफ्तरी को जैन प्रतीक अपर्णा पहनाकर सम्मान किया और कहा कि आप द्वारा समाज कल्याण के उद्देश्य से किये जाने वाले कार्यों की सीख के बदौलत आपके परिवार के संस्कारों से आज जैन समाज गौरवान्वित है। इस अवसर पर महामंत्री मेघराज बोथरा ने शाल व साफा पहना कर सम्मान किया। सम्मान समारोह में सहमंत्री विजय बाफना भी शामिल हुए।

हरख बीकाणा कार्यक्रम 28 को

बीकानेर, (कासं)। यहां स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर जूनागढ़ फोर्ट में 28 अप्रैल को शाम 5 बजे 'हरख बीकाणा' समारोह का आयोजन किया जायेगा। हरखा बीकाणा कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन पूर्व विधानसभा की विधायक सिद्धि कुमारी और बीकानेर के आईजी ओमप्रकाश ने किया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. चन्द्रशेखर श्रीमाली ने बताया कि बीकानेर स्थापना के 538वें दिवस पर गढ़ गणेश को 538 लड्डुओं का भोग लगाकर हरख बीकाणा समारोह का शुभारंभ होगा। संयोजक अक्षय आचार्य ने बताया कि इस अवसर पर शंखनाद होने के साथ हरख बीकाणा लिखी पतंगें और गुब्बारे आकाश में एक साथ छोड़े जायेंगे।

जिस एक्सरे मशीन में रेडिएशन का खतरा कम, वही 8 माह से बंद

- कंपनी को ब्लैक लिस्ट करने का नोटिस दिया पीबीएम हॉस्पिटल में विभागों की ढिलाई के कारण एक हजार उपकरणों का वेरिफिकेशन अटका

बीकानेर, (कासं)। जिस एक्स रे मशीन में रेडिएशन का खतरा कम, वही 8 माह से बंद, शुरू करने में 7.5 लाख खर्च होंगे। कंपनी को ब्लैक लिस्ट करने का नोटिस दिया। पीबीएम हॉस्पिटल में विभागों की ढिलाई के कारण एक हजार उपकरणों का वेरिफिकेशन अटका

पीबीएम हॉस्पिटल के रेडियोलॉजी विभाग में अत्याधुनिक रशियन मेड डिजिटल एक्स रे मशीन पिछले करीब आठ महीने से ताले में बंद पड़ी है। मशीन को ठीक नहीं करने पर कंपनी को ब्लैक लिस्ट करने का नोटिस जारी किया गया है। इसे वापस शुरू करने में 7.5 लाख का खर्च बताया गया है। सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज ने 2018 में रशिया से अत्याधुनिक डिजिटल एक्स रे मशीन की खरीद करीब एक करोड़ रूपए में की थी। इसकी खासियत ये है कि यह लो डोज एक्स रे मशीन है, जिससे मरीज को रेडिएशन का खतरा बहुत ही कम होता है। रिपोर्ट भी हाथों हाथ मिलती है। मशीन का कार्ड खराब होने के कारण पिछले साल अगस्त में इसे ताले में बंद कर दिया गया। मरीजों को इसका लाभ नहीं मिल रहा।

दरअसल कोरोनाकाल में मशीन बंद रही। वापस शुरू करवाने के लिए रशिया से इंजीनियर बुलाया गया। तब इसकी सीएमसी (कॉम्प्रेंसिव मेंटिनेंस सर्विस)की बात उठी। कंपनी की शर्त थी कि फिजिकली डेमेज के मामले में कंपनी खर्चा नहीं उठाएगी। इसे लेकर पीबीएम प्रशासन और कंपनी के बीच विवाद चलता रहा। उसी दौरान मशीन के कार्ड में तकनीकी गड़बड़ी हो गई और मशीन ने काम करना बंद कर दिया। कंपनी ने उसे ह्यूमन ऐरर बताया तो तत्कालीन अधीक्षक ने तीन सदस्यों की कमेटी से जांच कराई।

बायोमेडिकल इंजीनियर की कमेटी ने जांच की तो ह्यूमन एरर नहीं पाया गया। अधीक्षक ने कंपनी को लिखा। फिर भी मशीन ठीक नहीं करने पर कंपनी को ब्लैक लिस्ट करने का नोटिस जारी किया है। रेडियोलॉजी विभाग में वर्तमान में बेड साइड मिलाकर करीब 35 एक्स रे मशीन काम कर रही हैं।

नग्गी बॉर्डर पर 72 फीट ऊंचा तिरंगा फहराया

श्रीगंगानगर, (कासं)। जिले के करणपुर इलाके से लगती भारत-पाकिस्तान की अंतरराष्ट्रीय सीमा के नग्गी बॉर्डर पर आज सेना और आमजन ने देशभक्ति और प्रतिभा का अद्वितीय संगम देखा। भारतीय सेना के जवानों ने नग्गी बॉर्डर पर 72 फीट ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज का ध्वजारोहण किया।

वहीं नग्गी बॉर्डर पर विभिन्न राज्यों से आए विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही कार्यक्रम में 72 फीट ऊंचे तिरंगे का लोकार्पण भी किया गया जो अब सीमा पर राष्ट्रीय गर्व का प्रतीक बनकर लहरा रहा है। इस समारोह में आर्मी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मनिंदर सिंह ने सीमावर्ती इलाकों में रह रहे विद्यार्थियों की लगन और हौसले की सराहना की। उन्होंने कहा कि शिक्षा के प्रति उनका समर्पण देश के भविष्य को उज्ज्वल दिशा देगा। साथ ही उन्होंने 1971 के युद्ध की वीरगाथा को भी याद किया।

शराब की दुकान का विरोध, धरने पर बैठे

- ठेकेदार व स्थानीय लोगों के बीच धक्कामुक्की

बीकानेर, (कासं)। पुलिस लाइन क्षेत्र में शराब की दुकान बंद करवा रहे मोहल्लेवासियों और शराब ठेकेदार के लोगों में झगड़ा हो गया। इस दौरान आबकारी विभाग के कार्मिक और पुलिस की मौजूदगी में दोनों पक्षों ने एक-दूसरे से धक्का मुक्की की।

मोहल्लेवासियों ने आबकारी अधिकारियों पर मिलीभगत का आरोप लगाया और सदर पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज करने के लिए रिपोर्ट दी है। वार्ड नंबर 68 के पुलिस लाइन क्षेत्र में मोहल्लेवासियों ने शराब की दुकान खोलने का कड़ा विरोध किया है और धरने पर बैठ गए हैं। सुबह शराब ठेकेदार ने जब दुकान खोलकर माल भरना शुरू किया तो मोहल्ले के लोग इकट्ठा हो गए जिनमें महिलाएं भी शामिल थीं। दुकान में माल डालने से रोका गया तो दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने हो गए और झगड़ पड़े। इस दौरान आबकारी विभाग के कार्मिकों और सदर थाना पुलिस ने बीच-बचाव किया। मोहल्ले के लोगों ने दुकान नहीं खोलने दी और शटर बंद कर दिया।

पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाया और शराब दुकानदार वहां से लौट गए, लेकिन मोहल्ले के लोग और महिलाएं वहीं धरने पर बैठ गए। मोहल्लेवासियों का कहना है कि इस क्षेत्र में शिक्षण संस्थान और मंदिर हैं। शराब का ठेका खुलने से उनका गुजरना दूभर हो जायेगा। आबकारी अधिकारियों पर भी मिलीभगत का आरोप लगाया गया है। मोहल्ले के लोगों ने सदर थाना पुलिस को धक्का-मुक्की करने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के लिए रिपोर्ट दी है।

अस्पतालों में जांचों का दायरा बढ़ाने के निर्देश

- जिला अस्पताल पर 143 प्रकार की जांचों की सुविधा शुरू होगी

बीकानेर,(कासं)। जिले में 66 पीएचसी, 101 सीएचसी, 117 उप जिला अस्पताल तथा जिला अस्पताल पर 143 प्रकार की जांचों की सुविधा शुरू होगी। मुख्यमंत्री निशुल्क जांच योजना के तहत राज्य सरकार ने जांचों का दायरा बढ़ाने के निर्देश जारी किए हैं।

जिला स्वास्थ्य समिति की कलेक्ट्रेट में हुई बैठक में निशुल्क जांच और हीटवेव की रोकथाम के प्रबंधन की समीक्षा की गई। सीएमएचओ डॉ पुखराज साध ने हीटवेव के सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ प्रबंधन के निर्देश दिए। प्रत्येक हीट वेव रोगी की आईएचआईपी पोर्टल तथा ओडीके ऐप पर प्रतिदिन रिपोर्ट भेजी जायेगी। जिले में हीटवेव से एक भी मौत होने पर संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जायेगी। डॉ साध ने प्रत्येक स्तर पर कार्यरत स्थाई व अस्थाई कार्मिक को नियत समय पर वेतन देने के निर्देश दिए। साथ ही इसमें कोताही बरतने वाले अधिकारियों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की बात भी कही। जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश कुमार गुप्ता ने बताया कि जिले में 100 प्रतिशत एएनसी रजिस्ट्रेशन करते हुए राज्य में सातवां स्थान हासिल किया है।

प्रहरी को जर्दे की पुड़िया जेल में ले जाते पकड़ा

बीकानेर, (कासं)। यहां जेल के बंदियों को जर्दे की एक पुड़ियां 2000 रूपये में मिलती है। जेल के ही कर्मचारी बंदियों से रूपये लेकर उन तक जर्दा पहुंचाते हैं। एक प्रहरी अंडर गारमेंट में जर्दे की पुड़िया जेल में ले जाते पकड़ा गया है।

शाम करीब 6 बजे प्रहरी मनोज कुमार प्रहरी मनोज की जेल में ड्यूटी थी। जेल के अंदर जाते समय मुख्य द्वार पर आरएसी के जवान सुरेन्द्र कुमार ने प्रहरी मनोज की तलाशी ली तो उसके अंडर गारमेंट से तानसेन जर्दे की पुड़िया बरामद हो गई। उससे पूछताछ करने पर सामने आया कि प्रहरी मनोज और जेल के बंदी हरिसिंह में डील हुई थी। जर्दे की पुड़िया जेल के बंदी हरिसिंह के लिए ले जाई जा रही थी।

क्षतिग्रस्त सीवरेज नहीं सुधारी, नई लाइन के लिए 9 करोड़ का टेंडर

- निगम जिस फर्म को ब्लैक लिस्ट देने की चेतावनी दे चुका, उसे ही ठेका दिया

बीकानेर, (कासं)। नगर निगम में ठेकेदारों को कैसे फायदा पहुंचाया जाए, इसके रास्ते तलाशे जाते हैं। दीनदयाल सर्किल से करणीनगर की ओर जाने वाली रोड पर 600 मीटर सीवरेज बाई साइड में खराब है। अब निगम उसे ठीक करा रहा है। अगर पुरानी खराब लाइन के पास से नई लाइन डाली जाती तो लिंक करने में भी दिक्कत नहीं थी। लेकिन इसमें ठेकेदार का खर्चा ज्यादा लगता। इसे बचाने के लिए 600 मीटर दाहिनी साइड में सीवरेज बिछाई जा रही है।

उससे भी बड़ी बात ये कि अब पुरानी लाइन तो जमीन के नीचे डैमेज ही रहेगी। इस कारण कभी भी सड़क धंस सकती है। दरअसल दीनदयाल सर्किल से करणीनगर रोड की ओर, करणी सिंह स्टेडियम और पटेल नगर के आगे तीन जगह सीवरेज जमीन के 20 से 22 फीट नीचे तक जर्जर हो चुकी हैं। यहां नई लाइन डालने के लिए करीब 9 करोड़ का एस्टीमेट बना। ये काम उसी अमृत-2 वाली फर्म को दिया गया जिसने इस वक्त पूरे शहर की नाक में दम कर रखा है। खुद निगम अधिकारी इस फर्म को ब्लैक लिस्ट देने की चेतावनी दे चुके हैं। इसके बावजूद उसी फर्म को काम सौंप दिया।

अब वहां काम शुरू हो गया। बिना किसी सेफ्टी के कर्मचारी जमीन के नीचे काम कर रहे हैं। सवाल ये है कि बाई साइड 22 फीट गहरी सीवरेज पूरी तरह क्षतिग्रस्त है। यहां इसे ठीक न करके दूसरी साइड सीवरेज बिछाई जा रही है तो पुरानी लाइन की जगह जमीन पर हैवी वाहन आने पर धंसने का खतरा बरकरार है। इंजीनियर्स का तर्क है कि बाई साइड में तमाम लाइनें हैं, पानी की पाइपलाइन है। इसलिए दूसरी साइड में सीवरेज के लिए कहा गया। सवाल यही है कि जब एक साइड से सीवरेज पुरानी है तो उसी के ऊपर नई लाइन बनाने में क्या दिक्कत।

शिक्षा के साथ संस्कार परिवार, विद्यालय और अच्छी संगत से मिलते हैं : दिलावर

- वॉकथॉन में भाग लेने वालों को पॉलिथीन उत्पादों के बहिष्कार की शपथ दिलाई

गीतासार फाउंडेशन द्वारा आयोजित वॉकथॉन के बाद विद्यार्थियों को शिक्षा मंत्री मदन दिलावर व विधायक जेठानंद व्यास व सिद्धि कुमारी ने पुरस्कृत किया।

बीकानेर, (कासं)। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि शिक्षा में संस्कारों का समावेश होना जरूरी है। संस्कार परिवार, विद्यालय और अच्छी संगत से मिलते हैं। उन्होंने कहा कि अच्छे लोगों की संगत से संस्कारों का उन्नयन अन्यथा संस्कारों का ह्रास होता है।

दिलावर ने गुरूवार को गीतासार फाउंडेशन द्वारा रेलवे स्टेडियम में गीतासार फाउंडेशन द्वारा आयोजित 3 किलोमीटर वॉकथॉन के बाद आयोजित सभा को संबोधित करते हुए यह उद्गार व्यक्त किए। शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्रत्येक नागरिक के मन में देश के प्रति श्रद्धा, भक्ति और सम्मान का भाव होना चाहिए तभी व्यक्ति श्रेष्ठ नागरिक बन सकेगा। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज को दिशा दिखाते हैं। उन्हें अपने कर्तव्य को समझते हुए बच्चों को अच्छे संस्कार देने चाहिए।

शिक्षा मंत्री दिलावर ने वॉकथॉन में भाग लेने वाले बच्चों सहित सभी प्रतिभागियों को पॉलिथीन उत्पादों के बहिष्कार की शपथ दिलाई और प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि प्रति वर्ष लगभग साढे सात लाख लोग पॉलिथीन के कारण अपनी जान गंवाते हैं। उन्होंने वॉकथॉन में राम, कैलाश और तरूण तंवर को संयुक्त प्रथम, राजा संतोष और निधि कच्छावा को संयुक्त द्वितीय तथा महेश, निरमा और रामकिशन मूंड को संयुक्त तीसरे स्थान पर रहने पर पुरस्कृत किया।

बीकानेर (पश्चिम) विधायक जेठानंद व्यास ने कहा कि पिछले डेढ साल में प्रदेश में शैक्षणिक व्यवस्थाओं में आमूलचूल सुधार हुआ है। शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे नवाचार विद्यार्थियों के लिए लाभदायक सिद्ध हो रहे हैं।

शिक्षा मंत्री ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस दौरान बीकानेर पूर्व विधानसभा क्षेत्र विधायक सुश्री सिद्धि कुमारी भी मौजूद रही।

मेडिकल कॉलेज में फैकल्टी रूम का उद्घाटन

बीकानेर, (कासं)। सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज में मेडिकल कॉलेज टीचर्स एसोसिएशन की मांग पर कॉलेज परिसर में फैकल्टी रूम आवंटित किया गया है। इस फैकल्टी रूम का उद्घाटन गुरूवार को पीबीएम अस्पताल के अधीक्षक डॉ. सुरेन्द्र वर्मा और मेडिकल कॉलेज की अतिरिक्त प्राचार्य डॉ. रेखा आचार्य द्वारा किया गया।

मेडिकल कॉलेज टीचर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. विजय तुंदवाल और सचिव डॉ. विनोद छिम्पा ने प्राचार्य डॉ. गुंजन सोनी को बताया था कि विभिन्न विभागाध्यक्षों को प्राचार्य कक्ष या मेडिकल कॉलेज में किसी न किसी कार्य के लिए आना पड़ता है। ऐसी स्थिति में चिकित्सक शिक्षकों के लिए कॉलेज परिसर में एक फैकल्टी रूम की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। प्राचार्य डॉ. सोनी ने बीते दिनों कॉलेज परिसर में फैकल्टी रूम का आवंटन कर दिया था।

कार्यालय ग्राम पंचायत चरला पंचायत समिति सुजानगढ़(चूरू

क्रमाक.ग्रा.पं./चरला/2025-26/08-10 दिनांक21.4.2025

ई-निविदा सूचना

ग्राम पंचायत चरला द्वारा मनरेगा एवं RD के तहत सामग्री आपूर्ती हेतु राजस्थान पंचायती राज नियम 1996 के नियमों के तहत विभिन्न योजनाओं के कार्यों हेतु सक्षम श्रेणी के संवेदकों से ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया के माध्यम से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की गई जिसकी विस्तृत जानकारी हेतु SPPP.rajasthan.gov.in व eproc.rajasthan.gov.in पर जा कर देखी जा सकती है।

NIB NO.ZCR2526A0077

UBN NO.ZCR2526GLOBOO197

प्रशासक ग्राम पंचायत चरला — ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत चरला

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी बीकानेर विकास प्राधिकरण, बीकानेर

क्रमांक Lu2012/ BIK /2025-26/10075 दिनांक:23/04/2025

लोक सूचना

श्री RATAN LAL पुत्र श्री VIJAY जाति MEGHWAL निवासी KOTASAR, SUDSAR, DUNGARGARH, BIKANER ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का पर्यटन इकाई प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारी के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात:-

क्र. सं.	ग्राम तहसील व जिले का नाम	खातेदार का नाम	खसरा सं.	क्षेत्रफल (वर्ग मीटर)	क्षेत्रफल हैक्टे.)
1.	गाढ़वाला बीकानेर (बीकानेर)	RATAN LAL	813/785	7642	0.7642
				कुल	0.7642

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7दिन के भीतर-भीतर अपनी एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A for Development Authority(UDH) आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है।उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जावेगा।यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 23-04-2025 को जारी की गयी। प्राधिकृत अधिकारी बीकानेर विकास प्राधिकरण, बीकानेर